**Demand for an enquiry into the Ashram Paddati Schools in Ballia and Deoria Districts**

श्री रमाशंकर राजभर **(सलेमपुर) :** माननीय सभापति महोदया, मेरे जनपद देवरिया में मेहरौना गांव है । वहाँ विद्यालय का बहुत ही सुंदर नाम- पंडित दीनदयाल आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना है । वहाँ आज का भोजन परसों, परसों का भोजन नरसों और कल सबेरे का बना हुआ भोजन कल शाम को खिलाया जाता है । इससे गरीब लोगों के 93 बच्चे बीमार हो गए, जिनमें से 50 बच्चे अब तक, जब मैं यहाँ पर बोल रहा हूँ, वे हॉस्पिटल में हैं ।

इसी तरह से चलने वाले विभिन्न प्रकार के सरकारी आश्रम पद्धति वाले विद्यालय हैं, उन विद्यालयों में इसी तरह के सड़े-गले भोजन दिये जा रहे हैं । बीमार पड़ने वाले बच्चों में से 50 बच्चे हमारे जनपद के हैं, जिनकी जान पर आफत आई हुई है ।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेरे जनपद बलिया और देवरिया में जितने भी आश्रम पदत्त विद्यालय हैं, सबकी जांच कराई जाए । बच्चों को ताजा भोजन मिले, इतना तो इंतजाम सरकार करे ।

इसलिए, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि जो दोषी हैं, उन पर सरकार सख्त कार्रवाई करे और हमारे जो बच्चे अस्पतालों में भर्ती हैं, उन बच्चों को उच्च श्रेणी की स्वास्थ्य सहायता दी जाए ।